**खबर संक्षेप**

### विधायक ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरझुला में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी अपने जीवन की सबसे प्रिय व्यक्ति 'मां' के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में सहायक हैं, बल्कि समाज में भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा करते हैं।

### अवैध रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ने नाबालिग को कुचला



**शहडोल।** जिले में रेत का अवैध कारोबार अब मौत का पर्याय बनता जा रहा है, ब्यौहारी थाना क्षेत्र में चोरी की रेत लेकर आ रहे 15 वर्षीय आदिवासी छात्र की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। ब्यौहारी थाना अंतर्गत ग्राम पसगढ़ी के घटिया के नीचे स्थित मजुरहा टोला से कक्षा 9वीं का छात्र प्रिंस सिंह गोंड, हर्ष मिश्रा के ट्रैक्टर से रेत चोरी कर ला रहा था, ट्रैक्टर चालक विनोद सिंह गोंड के साथ वह नदी से अवैध रूप से रेत भरकर लौट रहा था, तभी रास्ते में संतुलन बिगडने से प्रिंस ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा और उसके ऊपर से ट्रैक्टर का पहिया गुजर गया, नाबालिग छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, हादसे के तुरंत बाद चालक विनोद सिंह गोंड ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है तथा आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर जिले में सक्रिय रेत माफियाओं की क्रूरता और प्रशासन की विफलता को उजागर कर दिया है। गौरतलब है कि बीते वर्षों में रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने गए एक पटवारी और एएसआई की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी, बावजूद इसके रेत का अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है।

### सिगुड़ी में खून से लथपथ मिली लाश, हत्या की आशंका



**मानपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम सिगुड़ी में रविवार की सुबह खून से लथपथ युवक का शव मिला, मृतक की पहचान स्थानीय तम्मा साहू पिता सोखइया साहू उम्र लगभग 45 वर्ष के रूप में हुई है। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक के सिर पर गहरे घाव के निशान हैं, इसके अलावा खबर यह भी है कि मृतक तम्मा साहू अपने घर से करीब डेढ़ किमी दूर लहूलुहान हालत में मिला है। जिससे संदेह है कि उसकी निर्ममता से हत्या कर शव को घटना स्थल पर फेंक दिया गया, घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ की। पुलिस कुछ स्थानीय संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### सफाई कर्मचारियों को सभी आवश्यक सुविधाएं कराएं उपलब्धः कलेक्टर



**शहडोल।** नगरीय निकायों की जिला सतर्कता समिति एवं सेनिटेशन अथारिटी समिति की बैठक कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में विराट सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छता मित्रों को सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध करा दिए जाएं। सफाई मित्रों का नियमित मेडिकल चेकअप, आयुष्मान कार्ड, नामस्ते पोर्टल में रजिस्ट्रेशन तथा आर्थिक तौर पर सामाजिक पुर्नवास हेतु बैंकों से ऋण आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह, डीएसपी राघवेन्द्र द्विवेदी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण तथा नगरीय निकायों के नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

## ...तो रिटायरमेंट के बाद ही हटेंगे छात्रावास अधीक्षक

# प्रावधानों की बलि चढ़ा रहे जिम्मेदार, पंगू हो चुके नियम

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित छात्रावासों में नियम विरुद्ध तरीके से अधीक्षक का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी जमे हुए हैं। आए दिन इन अधीक्षकों पर भ्रष्टाचार व मनमाने तरीके से कार्य करने का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन खुद को ईमानदार बताने वाले निरंकुश हो चुके नौकरशाहों के लिए शासन के दिशा-निर्देश भी कोई मायने नहीं रखते।



शहडोल।

जिले में बालक-बालिका छात्रावास संचालित हो रहे हैं, इनमें आधे से ज्यादा छात्रावास ऐसे हैं, जिनमें छात्रावास अधीक्षक-अधीक्षिकाएं वर्षो से जमें हैं। जबकि एक छात्रावास में अधीक्षक के रूप में 3 साल से ज्यादा समय तक पदस्थ रहने का नियम नहीं है। ऐसे में शासन के नियम कायदों की धज्जियां उड़ रही है। इसके बाद जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में अनजान बने हुए हैं। कई अधीक्षक ऐसे हैं, जिनकों 5 साल हो गए हैं, इनकी कई बार शिकायतें भी हुई है, जिसकी जांच सालों से चल रही हैं, लेकिन जांच अभी तक पूरी नही। इस वजह से इनको छात्रावास से हटाया नहीं जा रहा है।

### प्रावधान का खुला उल्लंघन

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनन्द राय सिन्हा ने 25 मई को बताया था कि प्रदेश सरकार के जनजातीय कार्य विभाग एवं अनूसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छात्रावास एवं आश्रमों में कार्यरत छात्रावास अधीक्षकों के फेर-बदल या परिवर्तन के लिए प्रावधान निर्धारित किए गए हैं, लेकिन आज भी छात्रावासों में स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाएं लंबे समय से अधीक्षक कार्य कर रहे हैं। इससे न सिर्फ उनकी मनमानी की शिकायतें बढ़ रही हैं, बल्कि स्कूलों का शैक्षणिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। छात्रावास में अलग-अलग हिसाब से अलग-अलग मद से शासन से राशि भी आती है, लेकिन छात्रावास अधीक्षकों द्वारा सामान खरीदी के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि निकाली जा रही है। छात्रावास में रसोईया के नाम पर भी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

### अंगद की तरह जमें अधीक्षक

छात्रावासों में अधीक्षकों के प्रभार के संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी अधीक्षक को तीन वर्ष से अधिक किसी भी छात्रावास का अधीक्षक का प्रभार न दिया जाए। जैसे ही किसी अधीक्षक का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होता है, उसे विद्यालय में पढ़ाने के लिए वापस किया जाए और पुनः कम से कम तीन वर्ष के बाद ही किसी छात्रावास के अधीक्षक पद का प्रभार सौंपा जाए। लेकिन जिले के कई छात्रावासों में शासन के आदेश के बावजूद कई अधीक्षक अंगद के पांव की तरह अधीक्षक जमे हुए हैं।

### नियमों की चढ़ाई गई बलि

छात्रावासों में अधीक्षक पद पर नियुक्ति एवं स्थानांतरण के मामले में लंबा खेल आदिवासी विकास विभाग में चल रहा है। सूत्रों की बात माने तो यहां सुविधा शुल्क के आगे नियमों की बलि चढ़ाई जाती है, जबकि शासन के स्पष्ट आदेश हैं कि प्राथमिकता के आधार पर छात्रावास से नजदीक वाले शिक्षक को ही अधीक्षक का प्रभार दिया जाये, साथ ही तीन साल से ज्यादा किसी भी स्थिति में प्रभार नहीं दिया जा सकता है, लेकिन आर्थिक लाभ के फेर में छात्रावासों के अधीक्षक लंबे समय से डटे हुए हैं। ईमानदारी और नियमों का ढोल पीटने वाले नौकरशाह यह भूल चुके हैं कि छात्रावासों में अधीक्षकों को लेकर कायदों की धज्जियां खुलकर उन्हीं के द्वारा उड़ाई जा रही है।



# अंतिम शीतल जल सेवा उपरांत भावपूर्ण समापन

### सत्य साईं सेवा समिति, रोटरी क्लब विराट शहडोल एवं सांझी रसोई, शहडोल द्वारा संचालित रहा पेय जल सेवा

**शहडोल।** शीतल जल सेवा (प्याऊ) का यह पावन अभियान जो 1 अप्रैल 2025 से निरंतर चल रहा था, इस वर्ष के अपने अंतिम ट्रैन संख्या 18233 नर्मदा एक्सप्रेस में जल सेवा प्रदान कर इस वर्ष की अंतिम शीतल जल सेवा उपरांत भावपूर्ण समापन किया गया।इस सेवा के अंतर्गत हर दिन स्टेशन पर यात्रियों को शुद्ध व शीतल जल उपलब्ध कराया गया, यह सेवा न केवल प्यास बुझाने का कार्य कर रही थी, बल्कि मानवता और सेवा भाव की मिशाल भी बनी।

### अंतिम दिन अधिक संख्या में उपस्थित हुए सेवादार

शेखर ढांड, सुशील खोडियार, पावन पाण्डेय, श्रीमती रीता पाण्डेय, सत्य प्रकाश राजवानी, इम्तियाज अहमद, क्रिस्टी अब्राहम, मंजूर अहमद, संतोष राव, महेद्र, प्रशांत नामदेव, राजेश सोंधिया, भागवत, मोहम्मद याकूब, रमीत सिंह, अयान खान, देवेंद्र श्रीवास्तव, अनुशील सिन्हा, इसाक खान, दुर्गा तांती, गोपाल निगम, जसवीर सिंह दुआ, कुमुद तिवारी, निरंजन पटेल, लखन बुचवानी, नरेश सिंघल, दीपक गौतम, शहंशाह फारुकी, समीम, श्याम, मुख़्तार खान, ईशान अहमद, फरहान अहमद, माही खान, जैकलीन अब्राहम आदि उपस्थित हुए।

# जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर हटाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश


शहडोल।



वर्षाकाल में नगरीय निकायों के आवागमन मार्गों के अवरोध हटाने, सडक़ों के गढ्ढे भराने, सेप्टिक टैंकों की नियमित साफ-सफाई कराने, पेयजल सप्लाई में जहां पाईप लाईन टूट गई हों की मरम्मत कराने, नालियों की सफाई तथा जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर हटाने के कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अमृत योजना फेज-1 तथा फेज-2 के कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। जो आवास अधूरे हैं उनकी सतत मानीटरिंग की जाए तथा उन्हें पूरा कराया जाए। फेज-2 के शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार कर संयुक्त टीम का गठन कर सत्यापन का कार्य पूरा किया जाए तथा उनके डीपीआर भी बनाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिन हितग्राहियों के पास स्वयं की जमीन नहीं है, लेकिन वे जरूरत मंद हैं उनके लिए अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है, वहां कॉलोनी विकसित कर योजना का लाभ हितग्राहियों को दिया जाए। बैठक में नगरीय निकायों को अपनी आय में वृद्धि करने हेतु कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जून माह में शत-प्रतिशत उपलब्धि के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक किया जाए। इसी तरह वर्षाकाल में अमृत हरित क्रान्ति योजना के तहत सभी नगरीय निकायों को पौधरोपण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण तथा नगरीय निकायों के नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# सूखे पड़े तालाबों और पारंपरिक कुंडों को जल गंगा संवर्धन अभियान ने दिया जीवनदान



### जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए किए गए कार्य लाई रंग, पानी से हुए लबालब

शहडोल।

विराट नगरी शहडोल का बाणगंगा कुंड और राम जानकी मंदिर है यह मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है मंदिर के सामने ही विराटेश्वर महादेव का मंदिर है जो वस्तुकला का प्रमाण है उदाहरण है बाणगंगा कुंड बहुत महत्वपूर्ण है यह माना जाता है कि महाभारत कालीन में जब भीष्म पितामह के लिए अर्जुन ने बाणों का संधान किया था बाण के संधान से इस कुंड का उद्गम हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुप्रयासों से जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय शहडोल के बाणगंगा कुंड में जनप्रतिधियों, अधिकारियों मीडियाकर्मी, जनमानस द्वारा सफाई का कार्य किया गया था। कुंड को अब नया जीवनदान मिला है। पारंपरिक कुंडों में जल स्तर बढ़ गया है और उनका पानी अब स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई दे रहा है। वर्षा जल संचयन की यह तस्वीर न केवल प्राकृतिक सौंदर्य को निखार रही है, बल्कि जल संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत भी दे रही है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय शहडोल के मोहनराम तालाब में भी वृहद स्तर पर सफाई का कार्य किया गया था। स्वच्छ पानी से भरे तालाब न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से लाभकारी हैं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्व रखते हैं। अब यह स्थल स्थानीय निवासियों और आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा सूखे पड़े तालाबों के पुनर्जीवन हेतु किए गए कार्य अब रंग ला रहे हैं। पहली ही बारिश में क्षेत्र के पुराने तालाब और जलस्त्रोत लबालब भर गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। अभियान के तहत तालाबों की सफाई, गहरीकरण, मिट्टी हटाने, जल निकासी सुधारने एवं वर्षा जल के संग्रहण की दिशा में ठोस प्रयास किए गए। परिणामस्वरूप वर्षों से उपेक्षित पड़े जलस्त्रोत अब जल संरक्षण के उदाहरण बन गए हैं।



### ग्राम करकी में आयोजित किया गया शिविर

# विधायक ने जनमानस से योजनाओं का लाभ लेने के लिए की अपील

**शहडोल।** केन्द्र एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनजाति समुदायों के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक आर्थिक स्तर का विकास, शिक्षा स्वास्थ्य एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 402 चिन्हित ग्रामों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 जून से 30 जून तक जिले मे तिथिवार शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ व सेवाओ की जानकारी दी जा रही है। जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम करकी मे शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल ने जनजातीय समुदायों को शासन के विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अधिक से अधिक इसका लाभ लेने के लिए अपील की। शिविर में विभिन्न जन कल्याणकारी योजना एवं सेवाओं से संबंधित जनजाति समुदाय के उपस्थितजनो से आवेदन पत्र भी प्राप्त किए गए। शिविर में आधार कार्ड सुधार, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र,पीएम किसान, जन धन खाता, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, सहित अन्य सभी योजनाओं एवं सेवाओ की जानकारी दी गई। शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच पंच जनप्रतिनिधि,सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कलेक्टर शहडोल के निर्देशानुसार जनजाति समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से संबंधित शिविर क्षेत्र के अधिकारियों कर्मचारियों को उपस्थित रहकर कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे जनजाति समुदाय को शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ पहुंचाया जा सके। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिन्हा ने बताया कि 29 जून को ग्राम पैरीबहरा, जल्दी टोला, समदाटोला, खाम्हीडोल एवं 30 जून को ग्राम घोघरी, घोरवे कदौडी कराबन मे शिविर आयोजित किया जाएगा।

# बिना लाइसेंस खाद, बीज बेचने वाले व्यापारी पर हुई कार्यवाही



शहडोल।

किसानों को गुणवत्ता युक्त रासायनिक उर्वरक,बीज तथा कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए विक्रय करने वाले दुकानों का औचक निरीक्षण करने तथा कार्यवाही करने के निर्देश कृषि विभाग के अमले को दिये गये हैं।

उप संचालक कृषि आर.पी.झारिया ने बताया कि जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम कोलमीछोट का कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किराना व्यवसाय तीरथ प्रसाद शुक्ला के दुकान एवं गोदाम में बिना लाइसेंस के अवैध बीज भंडारण पाए जाने पर जब्त एवं सुपुर्द की कार्यवाही बीज अधिनियम के तहत की गई। इस अवसर सहायक संचालक कृषि रमेन्द्र कुमार सिंह , कृषि विकास अधिकारी रेखा अहिरवार,शिशुपाल सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह उप निरीक्षक मृगेंद्र सिंह मरावी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### राधा कृष्ण मंदिर से विधि विधान से प्रारंभ हुई रथ यात्रा

**कोतमा।** राधा कृष्ण मंदिर से रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ स्वामी भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा पूरे आसपास के क्षेत्र में भमण के लिए निकले यात्रा को लेकर भक्तों में जमकर उत्साह देखा गया और भक्त जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज मान रहा शाम 5 बजे से राधा कृष्ण मंदिर से विधि विधान रथ यात्रा प्रारंभ हुई। भक्तों ने जगह-जगह आरती उतारे एवं प्रसाद ग्रहण किया। बदरा बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्र में भगवान के दर्शन के लिए भक्ति उत्साहित रहे फिर शाम से आधी रात तक मंदिर राधा कृष्ण में गाजे बाजे के साथ रामायण एवं राधेश्याम सीताराम का जाप मंत्र हुआ जिसमें महिलाएं बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल थे। बदरा सकोला गांव में राधा कृष्ण मंदिर से निकाली गई।

### सकोला गली में दुर्गंध पानी से वार्डवासी सालों से परेशान

**बदरा/जमुना।** जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत सकोला के वार्ड क्रमांक 3 मवेशी के मल मूत्र बीच रास्ते में बहाया जाता है जो इतने बदबूदार होते हैं की जीना दुश्वार किए हुए हैं ग्राम पंचायत द्वारा बनाया हुआ रोड पूरी तरह उखड़ चुके हैं जगह-जगह गड्ढे हैं और जल भराव हो जाता है जिससे भारी बदबू आती हैं। बड़े बूढ़े बच्चे आए दिन आए बीमार पड़ रहे हैं। वार्ड क्रमांक 3 के कुछ लोग अनेकों बार ग्राम पंचायत में शिकायत किया लेकिन आज तक कोई इस पर ध्यान नहीं दिया गया इसी तरह वार्ड में आए दिन आए बाद विवाद होता रहता है यह वाद विवाद कभी ना कभी बड़ा रूप ले सकती हैं जिसकी जवाबदारी ग्राम पंचायत के सभी शासकीय कार्यकर्ता की होगी क्योंकि वार्ड वासी चाहते हैं कि मोहल्ले के जो लोग गंदे पानी बाहर रहे हैं उसके लिए रोड के बगल से एक नाली बनाया जाए लेकिन आज तक कुछ नहीं किया गया

### पंच पद के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत पथरहटा एवं बंधवाटोला के पंच पद के लिए मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम के अनुसार रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। उन्होंने प्रभारी तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी को रिटर्निंग ऑफिसर एवं प्रभारी तहसीलदार करकेली के डी पनिका को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा है कि रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफ़िसर पंचायतों के उप निर्वाचन के दौरान आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

### अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण आज किया जाएगा

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि याचिकाकर्ताओं जिन्होनें कर्मचारी चयन मण्डल म0प्र0 भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-05 के अंतर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती हेतु आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है, एवं उनका नाम मेरिट में है। ऐसे अभ्यार्थियों के आवेदन कार्यालय में जमा कराए गए है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार नियुक्ति संबंधी नियमानुसार निर्णय लिए जाने हेतु अभ्यार्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 30 जून को दोपहर 2 बजे तक छानबीन /जॉच समिति के समक्ष कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में किया जाना है। ऐसे अभ्यर्थी समस्त यथोचित मूल दस्तावेजों एवं उच्च न्यायालय के निर्णय की प्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

### समिति के सदस्यों को आयोग के निर्देशों से अवगत कराने के संबंध में बैठक आज


**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के लिए जिला स्तर पर दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने , उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपयोग को कारगर बनाकर चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने हेतु जिला स्तरीय मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन एवं विधानसभा स्तर पर विधानसभा स्तरीय समिति असेंबली कॉन्सिटीट्यूएंसी कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन का गठन किया गया है। समिति के सदस्यो को आयोग के निर्देशों से अवगत कराने के संबंध में बैठक 30 जून को दोपहर 12.30 बजे टी एल बैठक पश्चात आहूत की गई है । बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

# पंचायतों में एलईडी लाइट के नाम पर चल रहा बड़ा खेला

# फर्जी फर्मों को नियम विरुद्ध लगातार हो रहे भुगतान

### क्वालिटी से समझौता कर कमीशन का चल रहा खेल

हर एक गांव रोशन किए जाने के लिए शासन प्रयासरत है। इसी के तहत जिले की लगभग ग्राम पंचायतों में एलईडी लाइटें लगवाए जाने के आदेश दिए गए हैं। इसके लिए बाकायदा कौन सी कंपनी की लाइटें लगाई जानी हैं, इसके भी मापदण्ड तय किये गये, मगर सरपंच और सचिव ही इसको पलीता लगा रहे हैं।




शहडोल।

शासन ने ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगवाने का आदेश दिया थे, इस दौरान कई कंपनियों की लाइट लगवाने के लिए रेट भी तय किए गए थे, जिले की सोहागपुर जनपद की ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये की लाइटें लगवाई जा चुकी हैं, लेकिन इनमें बड़ा खेल कर दिया गया है। मानक के विपरीत घटिया क्वालिटी की लाइटें लगवा दी गई हैं। अधिकांश ग्राम पंचायतों में एलईडी लाइटों में घोटाले की बू आ रही है। अगर इसकी सही तरीके से जांच कराई गई तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। हालांकि चर्चा है कि स्ट्रीट लाइट लगवाने वाली पंचायतों का रिकार्ड तलब किया गया है। इससे सरपंच-सचिवों में खलबली मच गई है।

#### फर्जी फर्म ने लगाई स्ट्रीट लाईट

शासन के आदेश के विपरीत सरपंच और सचिवों ने चहेते वेण्डरों से मिलीभगत कर स्ट्रीट लाइट काम को करने का ऑफ रिकार्ड एकमुश्त ठेका दे दिया है। कमीशन तय होने के बाद वेण्डरों ने तय कंपनियों की डुप्लीकेट स्ट्रीट लाइटें लगवा दीं हैं, इस स्ट्रीट लाईट के खेल में सोहागपुर जनपद की कई पंचायतों में फर्जी फर्मों ने सप्लाई दी है, पूजा इलेक्ट्रिक्लस वार्ड नंबर 12, आर्यन इंटर प्राइजेज चितराव सहित दर्जनों ऐसी फर्म हैं, जिन्हें पंचायतों में स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए कागजों में संचालित किया जा रहा है। शासन से स्पष्ट आदेश थे कि लाइटें लगवाए जाने से पहले निविदा जारी की जाएगी। लेकिन ग्राम पंचायतों द्वारा ऐसा नहीं किया गया। बिना निविदा के ही चेहेते वेण्डरों को स्ट्रीट लाईट का ठेका दे दिया गया। हालाकि चर्चा है कि कुछ पंचायतों ने निविदा निकलवाई है।

#### जांच से खुलेगा घोटाला

स्ट्रीट लाइट लगवाने के नाम पर हुए खेल का खुलासा अब जांच से सामने आएगा। सोहागपुर जनपद की पंचायतों में सरपंच-सचिव और वेण्डर की तिकड़ी ने मिलकर जमकर शासन को चूना लगाया है, खबर है कि पंचातयों में आधा-अधूरा काम कर पंचातयों के खाते से राशि पूरी आहरित कर ली गई है, अगर निष्पक्ष जांच कराई जाये तो, सरपंच, सचिव सहित कथित वेण्डरों के खिलाफ कई थानों में एफआईआर दर्ज हो सकती है, उक्त फर्जी फर्मों ने उमरिया-शहडोल दोनों जिलों में जमकर फर्जीवाड़ा किया है।

#### बाजार मूल्य से अधिक का बिल

पंचायत के जिम्मेदारों के साथ मिलकर वेण्डर पूजा इलेक्ट्रिक्लस वार्ड नंबर 12 पटेल नगर शहडोल, आर्यन इंटर प्राइजेज चितराव द्वारा बाजार मूल्य से अधिक पर लाईट पंचायत में लगाई है, ग्राम पंचायत द्वारा गांव के विकास के लिए आए शासकीय राशि का दुरुपयोग किया गया है। जिस कारण गांव का विकास नहीं हो पा रहा है। सरकार द्वारा गांवो में मूलभूत सुविधा व अन्य सुविधाओं के लिए सालाना लाखों का बजट देती हैं, लेकिन उसके पंचायत प्रतिनिधि अधिकारी के साथ मिलाकर डकार जाते हैं। समस्या जस के तस नहीं रहती हैं।


#### भण्डार क्रय-नियम का पालन नहीं

शासकीय कार्यालयों में क्रय करते समय वित्तीय औचित्य के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। अनावश्यक व्यय, आवश्यकता से अधिक व्यय तथा ऐसा व्यय जो विभाग के निर्दिष्ट उद्देश्यों/लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक न हो, नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक सरकारी कर्मचारी का कत्तव्य हैं कि वह उसके नियंत्रण में रखे गये लोक-धन में से व्यय करते समय सतर्कता और सावधानी का परिचय दें। जैसे कि एक सामान्य विवेकपूर्ण व्यक्ति अपने निजी धन के व्यय के सम्बंध में बरतता हैं। व्यय की धनराशि का शासकीय हित में पूर्ण प्रतिदान मिलना चाहिए। व्यय शासकीय नीतियों/निर्देशों के प्रतिकूल न हो। लेकिन पंचायतों में स्ट्रीट लाईट के नाम पर भण्डार क्रय नियम का पालन नहीं किया गया है।

# कलेक्टर के निर्देश के बावजूद जर्जर भवनों को नहीं किया जा रहा डिस्मेंटल

### भय के साये में आंगनबाडी के बच्चे

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** जिला कलेक्टर के द्वारा बारिश के पूर्व शासकीय जर्जर भवनो का निरीक्षण करते हुए जो भवन जर्जर है उन्हें तत्काल ही धराशाई करवाने एवं ऐसे भवन जिनमे बारिश का पानी रिस रहा है उनका मरम्मत कार्य करवाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन नगर पालिका क्षेत्र में कलेक्टर के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है । नगर पालिका क्षेत्र मे आंगनबाड़ी के कई ऐसे भवन है जिनमे बारिश में दीवारों में सीपेज आ रही है तथा छत से पानी भी टपक रहा है यहां तक कि आंगनवाड़ी भवन में रोशनदान बनाए गए हैं उससे पानी कमरे में आ रहा है जिसके कारण छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चों को पढ़ाई करने में असुविधा हो रही है यहां तक की जर्जर भवन के कारण दुर्घटना घटित होने की आशंका भी अभिभावकों को बना रहता है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला में शासन के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण करवाया गया था लेकिन वर्तमान में वह भवन जर्जर हालत मे नजर आ रहा है भवन के कमरों में छत से पानी टपकता है दीवारों में भी बारिश के पानी के कारण सीपेज आ गई है यहां तक की भवन की दीवार भी जर्जर नजर आ रही है। आंगनबाड़ी परिषद के अंदर फर्श भी टूटे-फूटे हैं जिसमें बारिश के पानी के कारण काई जमा हो गई है और उसी परिसर में छोटे-छोटे नौनिहाल खेलते भी हैं जिसके कारण अभिभावकों को दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी हुई है। जबकि नगर पालिका एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को ऐसे भवन का निरीक्षण करते हुए मरम्मत का कार्य करवाना चाहिए लेकिन अधिकारियों के पास इतनी फुर्सत ही नहीं है कि वह नगर में स्थित आंगनबाड़ी भवनो की स्थिति का निरीक्षण कर सकें। वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला के रह वासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि नगर पालिका क्षेत्र में बने आंगनवाड़ी भवनो का निरीक्षण करवाते हुए मरम्मत कार्य करवाया जाए। आंगनबाड़ी की पर्यवेक्षक का कहना है कि 1 साल पूर्व हमने भवन की स्थिति के बारे में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करा दिया था अब यह कार्य विभाग का है।



#### इनका कहना है

हमारे द्वारा आंगनबाड़ी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि अगर भवन जर्जर हो तो किराए का भवन ले लें जिनका 6000 रुपए माह किराया दिया जाएगा।

**सतीश जैन, परियोजना अधिकारी**
**महिला बाल विकास विभाग कोतमा**

# उमंग स्वास्थ्य केंद्र का नोडल अधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

उमरिया।

नोडल अधिकारी डॉक्टर डॉ.एस.बी.चौधरी एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.वी.के.जैन विकासखंड पाली के द्वारा जिला चिकित्सालय में स्थापित उमंग स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उमंग स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता कुमारी वर्षा त्रिपाठी उपस्थिति रही । नोडल अधिकारी अधिकारी द्वारा उमंग स्वास्थ्य केंद्र में संचालित परामर्श सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई जिसमें परामर्शदाता द्वारा बताया गया कि क्लीनिक में 10 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों की परामर्श सुविधा उपलब्ध है इसमें बीएमआई मैनेजमेंट बैलेंस डाइट एनीमिया, फिजिकल एक्टिविटी ,न्यूट्रिशन, स्किन इश्यूज ,रिलेशनशिप इशू, प्रेगनेंसी, योवन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, विवाह पूर्व परामर्श, स्वच्छता माहवारी संबंधी परामर्श, संचारी रोग एवं असंचारी रोग, डिप्रेशन, सुसाइडल टेंडेंसी,ईटिंग डिसऑर्डर, लर्निंग प्रॉब्लम, मेंटल हेल्थ इश्यू ,सेल्फ हार्म,बुलीइंग, ड्रग सब्सटेंस मिसयूज, वायलेंस इश्यू जैसे परामर्श सुविधा प्रदान की जा रही है। जिला समन्वय किशोर स्वास्थ्य द्वारा उपस्थित टीम को अवगत कराया गया कि उमंग स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में भी गैर सरकारी संस्था द्वारा पदस्थ परामर्शदाताओं के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जा रही है । उन्होंने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलेक्टर के निर्देश द्वारा राज्य के निर्देश के परिपालन में किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा आउटरीच गतिविधि के तहत उमंग क्लिनिक में परामर्श सेवाओं के साथ-साथ स्कूलों हॉस्टल एवं कॉलेजो में लगभग क्लीनिक से 25 किलोमीटर के दायरे में है वह विषय पर सेशन आयोजित करेंगे एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । नोडल अधिकारी डॉक्टर डॉ एस बी चौधरी द्वारा गैर संस्था गैर सरकारी संस्था के पदार्थ समस्त किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाताओं को जुलाई 2025 से लेकर मार्च 2025 तक आगामी भ्रमण प्लान महावार जमा करने हेतु निर्देशित किया गया हैं उनके द्वारा रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया एवं एवं किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता को बेहतर परामर्श सुविधा प्रदान करने कराने हेतु निर्देशित किया गया।



# जिला क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी की बैठक संपन्न

उमरिया।

जिला क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी की बैठक जिला अस्पताल के सभागार में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, परिवार कल्याण कार्यक्रम अधिकारी डॉ एसबी चौधरी की उपस्थिति में संपन्न हुई । उन्होंने विकासखंड मानपुर में प्रत्येक शुक्रवार एवं अमरपुर में प्रत्येक बुधवार को निर्धारित दिनों मे सर्विस गतिविधि आयोजन करने हेतु निर्देशित किया। विकासखंड पाली हेतु प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार जिला चिकित्सालय शहडोल में आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहडोल जिले के निकट ग्राम वासियों को निर्धारित दिवस सर्विस का लाभ दिया जाने पर चर्चा की गई ।

जिला चिकित्सालय एवं करकेली ब्लाक हेतु प्रत्येक गुरुवार को जिला चिकित्सालय में प्रत्येक सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौरोजाबाद पर एवं प्रत्येक शनिवार को चंदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्धारित दिवस सर्विस का आयोजन किया जाएगा । महिला नसबंदी एवं पुरुष नसबंदी हेतु हितग्राहियों को सहमति के आधार पर निर्धारित दिवस सर्विस में सेवाएं प्रदान की जाएगी जिस हेतु जिला परिवार कल्याण कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस बी चौधरी के द्वारा उपस्थित मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त गतिविधि को संपादित करने हेतु माइक्रो प्लान बनाकर जमा करें एवं मासिक कैलेंडर के साथ कैंप कैलेंडर साप्ताहिक तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी हेतु विकासखंड एवं संस्था स्तर पर कुल प्रसव के विपरीत 30 प्रतिशत स्थाई साधन पी पी आईयूसीडी लक्ष्य अनुरूप पूर्ण किया जाना है एवं अन्य 70 प्रतिशत में से 40 प्रतिशत अंतरा इंजेक्शन का लक्ष्य पूर्ण किया जाना है जिस हेतु उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य योजना के साथ-साथ संस्था स्तर पर प्लान अनुसार साप्ताहिक मॉनिटरिंग एवं माइक्रो प्लान सेक्टर सुपरवाइजर के माध्यम से नियमित लिया जाए एवं सेक्टर बैठक में एजेंडा बनाकर इसकी समीक्षा किए जाने के निर्देश मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को दिये गये। डॉ एस बी चौधरी ने बताया कि जिले में जनसंख्या नियंत्रण एवं टि एफ आर एवं मातृ मृत्यु शिशु मृत्यु को कम करने हेतु संस्थागत प्रसव बच्चों में अंतर रखने हेतु स्थाई एवं स्थाई साधनों को अपने जाने पर ही जिले में टि एफ आर को काम किया जा सकता है । उन्होंने महिला नसबंदी के साथ ही साथ पुरुष नसबंदी पर भी कार्य करने हेतु स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया। जिला परिवार कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि अंतरा इंजेक्शन की फॉलो अप पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है । मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर पर विगत सप्ताह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह दिनांक 9 व 25 को आयोजित होने प्रत्येक गर्भवती माता की जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त गर्भवती माता एवं उच्च जोखिम गर्भवती माता को अतिरिक्त फॉलोअप दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया । बैठक में उपस्थित जिला कुष्ठ अधिकारी डॉक्टर वीके जैन द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को स्पॉट चेक सर्वे हेतु ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु चर्चा की गई जिसमें दिनांक 2 जुलाई 2025 को मानपुर विकासखंड एवं 3 जुलाई 2025 को करकेली विकासखंड व 4 जुलाई 2025 को पाली विकासखंड में प्रशिक्षण हेतु स्पॉट चेक सर्वे एरिया सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ,सहयोगिनी एवं एएनएम को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिसमें प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया उक्त बैठक में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी विकासखंड पाली डॉ वी के जैन विकासखंड मानपुर से डॉक्टर एन पी जैसल एवं बी ई ई शंकर काले, पाली विकासखंड से रामसनेही विश्वकर्मा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक भानु विश्वकर्मा, विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइज राजेंद्र वर्मा व नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे।





# कॉम्बिंग गश्त के दौरान रामनगर पुलिस की वारंटी धर पकड़ कार्रवाई

### 8 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**रामनगर।** जिले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के आदेश पर 28-29 जून की रात्रि को थाना रामनगर पुलिस द्वारा विशेष कॉम्बिंग गश्त की गई। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान विभिन्न मामलों में फरार चल रहे कुल 6 वारंट तामील किए गए हैं, जिनमें 08 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी भी शामिल है। स्थाई वारंटी गिरफ्तार- गणेश खटीक पिता रामप्रसाद खटीक उम्र 32 वर्ष निवासी सेमरा, वर्ष 2017 के प्रकरण क्र. 1688/17 धारा 379, 411, 34 IPC में 8 वर्षों से फरार चल रहा था। उल्लेखनीय है कि वारंटी पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर की ओर से 500/- रू. इनाम भी घोषित किया गया था। वसूली वारंटी: तेजबहादुर पाव पिता इंद्रपाल पाव उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम भलमूड़ी को धारा 125 CrPC के प्रकरण क्रमांक 394/23 में पत्नी की ओर से भरण-पोषण हेतु जारी वारंट में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी वारंटी-वारंटी प्रकरण 235/24, धारा 341, 294, 506 IPC में नीरज सिंह पिता सुरेंद्र सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी शांतिनगर थाना रामनगर के जेल में निरुद्ध जानकारी प्राप्त होने पर तामील किया गया है। प्रकरण 131/23, धारा 379, 34 IPC में बब्बू बैगा पिता कुलदीप बैगा उम्र 23 वर्ष, ओझा बैगा पिता भोला बैगा उम्र 35 वर्ष, अन्नू अगरिया पिता मैकू अगरिया उम्र 30 वर्ष तीनों निवासी ग्राम भलमूड़ी थाना रामनगर को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक के नेतृत्व में सउनि अशोक सिंह, वेदप्रकाश सिंह, प्रआर सनत, अमित, हरीश, आर अनुराग, अनुराग, मूरत एवं विनोद मरावी का योगदान रहा।

# कॉम्बिंग गश्त में धरे गये अपराधी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने कॉम्बिंग गस्त के साथ नाइट सर्च ऑपरेशन चलाते हुए थाना क्षेत्र के स्थाई, गिरफ्तारी सहित अन्य वारंटी के खिलाफ अभियान चलाते हुए कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना प्रभारी रत्नाबर शुक्ला व टीम द्वारा शनिवार रविवार की दरमियानी रात चलाए गए अभियान के दौरान लंबे समय से न्यायालय में पेशी ना जाने वाले आधा दर्जन वारंटियो की धरपकड़ की गई है। कोतमा न्यायालय से घोषित स्थाई खेल्लु सिंह निवासी खुदरा टोला, भागवत प्रजापति 38 वर्ष पिता धनपत निवासी शिलपुर, चुम्मनलाल साहू पिता बैजनाथ साहू निवासी गढ़ी,अविनाश जयसवाल को गिरफ्तार किया गया इसी प्रकार राजू पनिका के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट होने पर पकड़ते हुए कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि विभिन्न धाराओं में दर्ज मामलों में पेशी ना जाने पर गिरफ्तारी आदेश दिया गया था। कार्यवाही के दौरान श्यामलाल मरावी, गोविंद प्रजापति, संजीव त्रिपाठी, कपिल उईके, रामखेलावन यादव, अभय त्रिपाठी, अजय तोमर सहित स्टाफ शामिल रहा।

# रोज खून से लाल हो रही सड़क



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है । यातायात विभाग के द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने को लेकर शहर से लेकर गांव तक जागरूकता अभियान भी चल रही है बावजूद इसके लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है शराब के नशे में वाहन न चलाने की पुलिस विभाग के द्वारा नसीहत भी दिए जा रही है उसके बाद भी लोग नशे की हालत में वाहन चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं । ऐसा ही एक मामला रविवार को कोतमा थाना अंतर्गत रेउला गांव से आया जहां दोपहर में दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना सामने आई है । घटना के बारे में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर कोतमा की ओर से एक मोटरसाइकिल चालक रेउला गांव आ रहा था वहीं दूसरे मोटर साइकिल लामाटोला की तरफ़ से आ रही थी तभी पंचायत भवन के पास दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे मोटर साइकिल चालक बुल्ला सिंह गोंड निवासी गिरवा जिला शहडोल के सिर मे गंभीर चोट आई है तथा लामा टोला गांव की ओर से आ रहे मोटर साइकिल चालक का पैर बुरी तरह से कुचल गया है जिन्हें ग्रामीणों की मदद से 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि दोनों वाहन चालक नशे की हालत मे वाहन चला रहे थे।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से गाय की मौत

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत बरग़वा गांव में रविवार की सुबह 7बजे आकाशीय बिजली गिरने से गाय की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि संजय यादव की गाय सुबह बाड़ी में चर रही थी इस दौरान बारिश के साथ तेज आकाशीय बिजली गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृत गाय के पेट में बछड़ा भी था। घटना की सूचना पशु विभाग एवं थाना कोतमा में दी गई। सूचना पर शव परीक्षण, पीएम सहित जांच कार्यवाही की जा रही है। मालिक के अनुसार 60 हजार में में खरीदा गया था जो प्रतिदिन 8 लीटर दूध देती रही। विदित रहे की ग्रामीण क्षेत्र में बारिश के सीजन होते ही मवेशियों के करंट एवं आकाशीय बिजली की चपेट में आने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

### जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 30 जून को समय सीमा की बैठक के पश्चात आहूत की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित किए गए शिविर

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के 402 चिन्हित ग्रामों में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित कर जनजाति समुदायों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। शहडोल जिले के धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ग्राम गोरतरा एवं जमुआ में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जनजाति समुदाय के उपस्थित जनों से आवेदन पत्र लिए गए व विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। ग्राम पंचायत गोरतरा मे 220 राशन कार्ड, 235 मनरेगा, 170 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा योजना, 508 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 510 जन धन खाता, 235 मनरेगा, 28 विधवा पेंशन, 19 दिव्यांग पेंशन संबंधित आवेदन लिए गए तथा यथासंभव लाभान्वित किया गया। ग्राम जमुआ मे 365 निवास प्रमाण पत्र, 200 राशन कार्ड, 160 मनरेगा, 189 जनधन खाता, 15 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 10 प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 18 वृद्धावस्था पेंशन, 9 विधवा पेंशन योजना, 2 दिव्यांग पेंशन योजना ग्राम लक्ष्य के अनुरूप हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किया गया।ग्राम पंचायत गोरतरा मे 1781 हितग्राहियों मे 1693 हितग्राहियों के आधार कार्ड सुधार किए गए। तथा सिकल सेल एनीमिया की जांच शिविर में आए लोगों की की गई।

### ग्राम अरझुला में किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**शहडोल।** जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी की उपस्थित में जलगंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम ग्राम पंचायत अरझुला में किया गया। कार्यक्रम में विधायक जयसिंह मरावी द्वारा खेत तालाब के हितग्राहियो एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंजीकृत जलदूतो को सम्मानित किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत अरझुला में 4 नवीन खेत तालाब को पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, वरिष्ठ नागरिक विपुल सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनुराग निगम, सहायक यंत्री राघवेन्द्र सिंह, उपयंत्री छत्रपाल कुशवाहा, राजेन्द्र सिंह उपस्थिति रहे।

### 28 व 30 को आयोजित होंगे शिविर

**शहडोल।** जिले में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चिन्हित 402 ग्रामों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन सभी विकासखंड मे तिथिवार किया जा रहा है कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग शहडोल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर आयोजन के इस क्रम में विकासखंड सोहागपुर मे आगामी 28 जून को श्यामडीहखुर्द, झगरहा,बम्होरी, कलमनिया मंडवा, जमुई एवं 30 जून को मझगवा, सिंदुरिभरी हर्री, पठरा, पटासी, एताझार मे जनजातीय समुदाय को आधार कार्ड सुधार, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पी एम किसान सम्मान निधि, पी एम सुरक्षा बीमा योजना, मुद्रा लोन, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि लाभो से

# अब यहीं मिलेगी डायलिसिस की सुविधा, 30 जून को स्टेट हॉस्पिटल में होगा शुभारंभ, नागरिकों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर

**धनपुरी को स्वास्थ्य सेवा का नया तोहफा**

धनपुरी।

**नगरवासियों के लिए एक अत्यंत सुखद और ऐतिहासिक क्षण आ गया है। अब गंभीर किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि नगर पालिका परिषद धनपुरी की पहल पर शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (स्टेट हॉस्पिटल) धनपुरी में 02 अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं।**




यह जनकल्याणकारी सुविधा 30 जून 2025, सोमवार को दोपहर 3 बजे विधिवत रूप से शुभारंभ होगी। इस अवसर पर नगर के लोग एक नए युग की शुरुआत का साक्षी बनेंगे।सम्माननीय अतिथियों की गरिमामयी उपस्थितिइस लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि होंगे माननीय श्री जयसिंह मरावी, विधायक, जैतपुर विधानसभा क्षेत्र। प्रमुख अतिथि के रूप में माननीय श्रीमती अमिता चपरा, सदस्य, जिला योजना समिति शहडोल एवं पूर्व अध्यक्ष, बी.वी.नि., म.प्र. शासन, भोपाल उपस्थित रहेंगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी माननीय श्रीमती रवीन्द्र कौर छाबड़ा, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद धनपुरी।विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री हनुमान खंडेलवाल, उपाध्यक्ष, नगर पालिका धनपुरी, एवं समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक समारोह में शामिल होंगे।स्थानीय जनता को मिलेगा सीधा लाभनगरवासियों के लिए यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं है। पहले जहां डायलिसिस जैसे गंभीर इलाज के लिए लोगों को शहडोल, जबलपुर या रीवा की दौड़ लगानी पड़ती थी, वहीं अब यह सुविधा अपने ही नगर में उपलब्ध होगी। समय, धन और शारीरिक श्रम— तीनों की बड़ी बचत होगी।नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती छाबड़ा ने कहा, "यह स्वास्थ्य सेवा नगरवासियों के जीवन की दिशा बदल सकती है। हमारी कोशिश है कि हर जरूरतमंद को इलाज उसके घर के पास ही मिले।"स्वास्थ्य सेवाओं में नया मील का पत्थरनगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने कहा धनपुरी जैसे नगर में डायलिसिस मशीन की स्थापना स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन का संकेत है। इससे न केवल नगर के मरीजों को राहत मिलेगी, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग भी लाभान्वित होंगे। अब किसी को भी जीवनरक्षक इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

# खनिज मद से स्वीकृत कार्यों के प्राकलन अनुमोदन से पूर्व ही प्राप्त करें: सांसद

**जिला खनिज प्रतिष्ठान के न्यास मंडल एवं कार्यपालिक समिति की बैठक संपन्न**



**शहडोल।** जिला खनिज प्रतिष्ठान के न्यास मंडल एवं कार्यपालिक समिति की बैठक विराट सभागार में संपन्न हुई। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से प्रस्तावित कार्यों के प्राकलन अनुमोदन के पूर्व ही निर्माण विभागों से प्राप्त कर लिए जाएं। जिससे कार्यों को पूरा करने के लिए रिवाईज स्टीमेट की आवश्यकता नहीं पड़े। सांसद ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित गाईडलाईन के अनुसार प्राथमिकता वाले कौन से कार्य जिला खनिज मद से स्वीकृत किए जा सकते हैं, उसकी सूची जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाए। जिससे जन प्रतिनिधि गाईडलाईन के अनुसार ही कार्य प्रस्तावित कर सकें। ब्यौहारी विधायक शरद कोल ने कहा कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत कार्यों की सूची में अनुमोदित कार्य जिन जन प्रतिनिधियों द्वारा जो कार्य प्रस्तावित किए जाते हैं उपलब्ध करा दी जाए। ऐसा करने से संबंधित जन प्रतिनिधि उन कार्यों की मानीटरिंग कर सकेंगे, जिससे कार्यों के पूरा होने में होने वाली देरी से बचा जा सकेगा। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने बैठक में स्वीकृत कार्यों, पूर्ण तथा अपूर्ण कार्यों तथा वित्तीय स्थिति की जानकारी समिति के सदस्यों को दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, नगरीय निकायों शहडोल, बुढ़ार, धनपुरी, बकहो, जयसिंहनगर, ब्यौहारी, तथा खांड़ के अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह सहित विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारी, जिला खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य उपस्थित रहे।

# वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को मसूर बीज के मिनी किटों का वितरण किया

**सैकड़ों वनाधिकार के किसान निःशुल्क बीज वितरण से हुई लाभान्वित**

बिरसिहपुर पाली उमरिया



कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन पाली विकाश खंड के ग्राम पंचायत मालाचुआ में उपसंचालक कृषि उमरिया संग्राम सिंह मरावी के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी कुमारी शांति सिंह के द्वारा आज पाली जनपद पंचायत के ग्राम मालचूआ,ग्राम पंचायत ओढेरा तथा हथपुरा में वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को मसूर बीज सहित अन्य मिनीकिटों का निःशुल्क वितरण किया गया। शासन द्वारा वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को मसूर फसल की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे वनभूमि में काबिज वनाधिकार पट्टाधारी किसान मसूर की खेती कर मुनाफा कमा सकें। उमरिया कृषि विभाग लगातार मध्यप्रदेश सरकार की किसानो जनकल्याणकारी योजनाओं हर किसान तक पहुचाने के लिए प्रत्येक किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़ रहा है आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य धूप सिंह मालाचुआ सरपंच मोहन बैगा अर्चना सिंह प्रीति सिंह देवलाल सिंह शुनील सिंह सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गाय हमारी संस्कृति, अर्थव्यवस्था और जीवन का अभिन्न अंगः विधायक

**पशुपालन विभाग द्वारा अधिक दूध देने वाली देशी नस्ल के तीन गौपालकों को दिया गया पुरस्कार**

शहडोल।




प्रदेश शासन के पशुपालन विभाग एवं डेयरी विभाग द्वारा भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय प्रतियोगिता का आयोजन उपसंचालक पशुपालन विभाग कार्यालय कामदेनु भवन के परिसर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि गाय हमारी संस्कृति, अर्थव्यवस्था और जीवन का अभिन्न अंग है। इसका संरक्षण न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। यदि हम गायों के संरक्षण और पालन-पोषण पर विशेष ध्यान दें, तो दुग्ध उत्पादन में क्रांतिकारी वृद्धि हो सकती है। पशुपालन, खेती-किसानी में बोनस का काम करता है। गौमूत्र एवं गोबर से जैविक उर्वरक एवं कीटनाशक दवाई बनाई जाती हैं। जिसका उपयोग करने से खेती की लागत में कमी आती है। इस इवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री राम नरेश शर्मा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ अशोक सिंह, राजकुमार तिवारी, गौपालक तथा विभागीय अमला उपस्थित रहा।

विधायक ने कहा कि देसी नस्ल की गायों को प्रोत्साहन देकर देशी दूध की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में वृद्धि की जा सकती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और दुग्ध आधारित उद्योगों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दुग्ध आधारित उत्पादों को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं, साथ ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी साकार कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। गौपालक योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने।

कार्यक्रम में उपसंचालक पशु विभाग अशोक सिंह ने देशी विदेशी नस्लों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होनें बताया कि भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गौपालक धनपुरी निवासी दीपक पांडे की गाय 16.86 लीटर दूध देती है, उनको 51 हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार जयसिंहनगर के ग्राम पथरहटा निवासी श्रीमती आशा द्विवेदी जिनकी गाय 16.76 लीटर दूध देती है, उनको 21 हजार रूपए का पुरस्कार एवं तृतीय पुरस्कार ब्यौहारी के मुदरिया निवासी गौपालक राजेंद्र प्रताप सिंह जिनकी गाय 16.33 लीटर दूध देती है, उन्हें 11 हजार रूपए का पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम संपन्न

शहडोल।



प्रदेश की भांति जिले में 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जहां पुरानी जल संरचनाओ कुआं, तालाब, बावड़ी, नदियो एवं नालों की साफ-सफाई, अमृत सरोवर का निर्माण तथा पुष्कर सरोवरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस अभियान को जन अभियान बनाकर समाज के सभी वर्गों के सहयोग से वर्षा जल की बूंद-बूंद के सहेजने का काम किया गया है। ये सभी कार्य आने वाली पीढ़ी को जल संकट से निपटने में मील के पत्थर साबित होगे। साथ ही भू-गर्भ में जल स्तर में भी वृद्धि होगी। यह विचार ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शरद कोल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जयसिंहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत करकी में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह के अवसर पर व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष जयसिंहनगर मालती सिंह तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जयसिंहनगर श्रीमती रक्षा शिब्बू सिंह, श्रीमती पुष्पा नन्दू शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तथा गुरूभान सिंह, जनपद सदस्य जयसिंहनगर, सरपंच ग्राम पंचायत करकी श्रीमती मालती सिंह तथा उप सरपंच जय प्रकाश गुप्ता सहित पंच, जल मित्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती मालती सिंह ने कहा कि जल के बिना जीवन संभव नहीं हैं। जल हमें वर्षा से प्राप्त होता है। वर्षा जल की बूंद-बूंद का संरक्षण करना हम सबका दायित्व है। ग्राम पंचायत करकी द्वारा वर्षा जल का संरक्षण करने के लिए पेयजल संरचना का निर्माण इस दिशा में किया गया सराहनीय प्रयास है।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर शालिनी जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जयसिंहनगर जनपद पंचायत में बनाई गई विभिन्न संरचनाओं की जानकारी दी। उपस्थित जन समूह ने जल संरचना का भ्रमण किया तथा जल संरक्षण के कार्यों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही।



# सरकार उद्योग स्थापित करने को दे रही है बढ़ावा: विधायक एमएसएमई डे-2025 का जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदेश के संतुलित विकास के लिए लगातार कर रही है। इसके लिए प्रथम चरण में संभाग स्तरों पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था। अब वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित कर जिला स्तर पर एमपी राईज कान्क्लेव की शुरूआत कर रतलाम जिले से की गई है। प्रदेश सरकार की प्रदेश के सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास की पहल है। जिले के युवा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बनें तथा अन्य लोगों को भी रोजगार दें। यह विचार जयंसिंनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित एमएसएमई डे-2025 का जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। इस अवसर पर रतलाम जिला मुख्यालय में आयोजित एमपी राईज 2025 कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केन्द्र शहडोल श्रीमती जूही खटिक द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं में 6745 हितग्राहियों को 5939 लाख रूपए का वितरण कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी सीईओ जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, महाप्रबंधक उद्योग दिनेश मर्सकोले, युवा स्वरोजगारियों ने भाग लिया।

# जंगल में मधुमक्खियों का तांडव, पत्नी को बचाते हुए पति ने गंवाई जान, जंगल में मधुमक्खियों के हमले में वृद्ध की मौत, पत्नी गंभीर

शहडोल।



जिले के अंतिम छोर पर स्थित छत्तीसगढ़ सीमा से लगे घने जंगलों में एक दिल दहला देने वाली घटना ने इलाके को स्तब्ध कर दिया है। ग्राम खंडहरी के जंगलों में मवेशी चराने गए वृद्ध दंपत्ति पर जंगली मधुमक्खियों के झुंड ने ऐसा कहर बरपाया कि पत्नी की जान बचाते हुए पति को अपनी जान गंवानी पड़ी।

यह हृदयविदारक हादसा जयसिंहनगर थाना अंतर्गत खडग़ड़ी के जंगल में घटित हुआ, जहां ग्राम खडग़ड़ी निवासी 55 वर्षीय सियावती महिला रोज की तरह मवेशी चराने के लिए जंगल की ओर गई थीं। तभी अचानक जंगल में मौजूद जंगली मधुमक्खियों के एक विशाल झुंड ने महिला पर हमला कर दिया। भयभीत महिला ने दर्द और डर के बीच मदद के लिए गुहार लगाई, तभी 60 वर्षीय पति समय लाल जो कुछ दूरी पर था, आवाज सुनते ही कंबल लेकर दौड़ा चला आया, उसने बहादुरी दिखाते हुए कंबल से पत्नी को ढंककर बचाने की कोशिश की, लेकिन मधुमक्खियों का गुस्सा उस पर टूट पड़ा, झुंड ने वृद्ध पर ऐसा हमला किया कि वह मौके पर ही गिर पड़ा। कुछ ही देर में उसकी सांसें थम गईं, वृद्ध महिला को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जयसिंहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और वे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही हैं। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक महिला के शरीर पर सैकड़ों मधुमक्खियों के डंक के निशान हैं, और शरीर में जहर फैलने से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

**इनका कहना है...**

जंगल मवेशी चराने गए दंपति पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे वृद्ध पति की मधुमक्खियों के हमले में मौत हो गई, इस मामले मे मर्ग कायम कर मामलें की जांच की जा रही है।

**राकेश मिश्रा**
**थाना प्रभारी, सीधी**

# कोतमा पुलिस ने गुंडा बदमाशों की ली परेड



### अपराध न करने की दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज कोतमा। पुलिस ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना क्षेत्र के अंतर्गत निगरानी, गुंडा बदमाश सहित शातिर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए धरपकड़ कर थाना में परेड कराई गई साथ ही अपराध ना करने को लेकर कड़ी चेतावनी भी दी गई। कार्यवाही का नेतृत्व थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने किया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के गुंडा, निगरानी बदमाशो के रिकॉर्ड में शामिल गोविंद प्रजापति 55 वर्ष निवासी रेस्ट हाउस रोड, चुनाड़ु उर्फ धनपत गोंड कलमुडी, झल्लू उर्फ सत्यनारायण सोनी वार्ड 4 बिजली ऑफिस के पास, अल्लू उर्फ रियाज लहसुई गांव, नारायण यादव वार्ड 1 फिल्टर टोला, कोमल सिंह गणेशनगर गोविन्दा कॉलरी, राहुल सिंह गोंड वार्ड 11 गोविंदा गांव, मो जुमाई निवासी लहसूई,मो अफजल 50 वर्ष, अजय ताम्रकार उर्फ पप्पू आजाद चौक,लाला उर्फ माजित 38 वर्ष, मो इस्तयाक उर्फ कतन्नी 30 वर्ष सभी निवासी लहसूई गांव, गुड्डा उर्फ संजय सोनी 50 साल निवासी दफाई टोला को थाना हाजिर किया गया। थाना प्रभारी द्वारा सभी के जीवनयापन, दिनचर्या एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर कड़ाई से पूछताछ की। सभी बदमाशों को सख्त हिदायत दी कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराधों में शामिल ना हो एवं अवैध गतिविधियां से दूर रहें। भविष्य में किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के अलग-अलग टीमों के द्वारा नगरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हिस्ट्रीशीटर, गुंडा बदमाशों के धरपकड़ कार्यवाही किए जाने से आपराधिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। कई बदमाश अनुपस्थित मिले एवं कुछ पुलिस के डर से फरार हो गए। थाना प्रभारी रत्नाबर शुक्ला ने बताया कि पुलिस की यह कार्यवाही क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के साथ अपराधों पर नियंत्रण को लेकर अभियान का हिस्सा है। गैर हाजिर अन्य बदमाशों की भी परेड जल्द कराई जाएगी। पुलिस के इस कार्यवाही का नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों ने सराहना की है।

# खरीफ फसल के लिए शुरूआती काम की किसानों ने की शुरूआत

### खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

### अच्छी पैदावार की जताई आशा

जून माह में खाली खेतों में खरीफ फसलों की बुआई के लिए तैयारी शुरू हो जाती है। क्षेत्र विशेष के आधार पर उपलब्ध जल व अन्य संसाधनों के आधार पर इस समय खरीफ की फसलों की बुआई के लिए कार्ययोजना शुरू की जाती है। अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों के साथ सिंचाई की समुचित व्यवस्था वाले क्षेत्रों में धान की रोपाई के लिए पौध तैयार की जाती है। किसान अनाज और पशु चारा को सुरक्षित रख लिए हैं। अब उन्हें खरीफ मौसम की फसलों की बुवाई के लिए तैयारी करनी है। कई इलाकों में बारिश होने के बाद से इस दिशा में काम शुरू भी हो गया है। अगर सही समय पर तैयारी हो जाती है तो काम आसान हो जाता है और फसल भी अच्छी होती है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिले में कुछ दिनों से बारिश हो रही है। खेतों में नमी देखने को मिल रही है। बारिश के बाद किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि 15 जून के बाद मौसम को देख कर धान बुवाई का कार्य भी किया जा रहा है। खेतों में नमी आ जाने से किसान जुताई के कार्य में जुटे हैं। किसान ट्रैक्टर व हल से खेतों की जुताई कर रहे हैं।

### खेती की ओर रूख करने लगे किसान

इन दिनों किसान सोसायटियों से नगद एवं ऋण से खाद बीज ले जा रहे हैं मानसून के आगमन से सभी किसान खेती की ओर रुख करने लगे हैं। खेतों की साफ-सफाई और खाद डालने का कार्य जोरों पर है। मौसम को देखते हुए किसान खेत खलिहान में पड़े पशु चारे को वर्षा पूर्व सुरक्षित करके इन दिनों पैरा रखने का कार्य तेजी से कर रहे हैं। किसान बरसात में जानवरों को सूखा चारा उपलब्ध कराने कोठा में पैरा रखवा रहे है।

### गोबर खाद का कर रहे उपयोग

तरह-तरह की रासायनिक खाद बाजार में होने के बावजूद गांव के किसान आज भी गोबर खाद का महत्व समझ रहे हैं। जिसकी वजह से गोबर कचरे से तैयार खाद खेतों में डाल खेतों को उपजाऊ बनाने का कार्य भी जोर शोर से किया जा रहा है। उन्नत बीज और रासायनिक खाद की किल्लत से वाकिफ किसान अभी से इसका इंतजाम कर रहे है। इसकी वजह से सोसाइटी में किसान की आवाजाही बढ़ गई है। ग्रामीण बारिश से पूर्व अपने कच्चे मकानों के छप्पर की मरम्मत में व्यस्त दिख रहे है। ग्रामीण इलाकों में बंदरों के आतंक से कच्चा मकानों का खपरैल टूट-फूट जाता है। जिसकी मरम्मत बारिश पूर्व करना अनिवार्य हो जाता है वर्तमान में कच्चे मकान का खपरैल एवं टीन लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

### धान की नर्सरी के लिए तैयार कर लें खेत

धान की नर्सरी बनाने का काम भी अब शुरू हो गया है। ऐसे में उन्नत बीज, खाद, खरपतवार नाशक और कीटनाशक की खरीद कर लेनी चाहिये। खेत की जुताई कराकर कुछ समय के लिए छोड़ दें तथा बारिश के बाद दोबारा जुताई करा दें ताकि खरपतवार धूप से समाप्त हो जाए। अगर इसके बाद भी नर्सरी के खेत में खरपतवार रह जाता है तो उसकी निराई कर लें।

### कुछ दिनों से रूक रूककर हो रही बारिश

ज्ञात हो कि जिले मे कुछ दिनों से बारिश हो रही है जो खरीफ की फसल के लिए अच्छा है। इस बीच किसानों ने भी अपनी व्यवस्था के अनुसार फसल उत्पादन के लिए आवश्यक व्यवस्था व संसाधन के लिए प्रयास करना शुरू कर दिया है। जिले भर मे हो रही बारिश से जहां किसान खुश दिखाई दे रहे हैं वही समय पर तथा मार्गदर्शन लेकर अच्छी पैदावार प्राप्त करने भी भरसक प्रयास करते देखे जा सकते हैं।

# लायंस क्लब अनूपपुर टाउन के नये अध्यक्ष डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, सचिव अन्नपूर्णा शर्मा मनोनीत

### शपथ ग्रहण समारोह में दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** वर्ष 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी विस्तार के साथ नए अध्यक्ष लायन डॉ. कौशलेन्द्र सिंह को नए अध्यक्ष मनोनीत किया है। शनिवार की रात स्थानीय होटल में लायंस क्लब अनूपपुर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पुराने सदस्यों को नए कार्यभार प्रदान कराने सहित प्रतिवर्ष नए प्रतिनियुक्त होने वाले अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष 2025-26 के लिए लायंस क्लब अनूपपुर टाउन की ओर से लायन डॉ. कौशलेन्द्र सिंह को नए अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया है। इससे पूर्व लायन सरला भदौरिया अध्यक्ष रहीं। जबकि उपाध्यक्ष के लिए पीएस राउत राय, शशि तिवारी, ऋतु सोनी, सचिव अन्नपूर्णा शर्मा सहसचिव स्मिता दीक्षित, कोषाध्यक्ष दुर्गेन्द्र सिंह भदौरिया, सह कोषाध्यक्ष राकेश गौतम,पीआरओ पूर्णिमा रात्रे, ट्वेंल ट्विस्टर निरूपमा पटेल, टेमर डॉ असीम मुखर्जी एवं संचालक मंडल के रूप में एड. संतोष अग्रवाल, हरिनारायण खेडिय़ा, राजेन्द्र कुमार बियानी, शिवकुमार गुप्ता, डॉ. एससी राय, लक्ष्मी खेडिय़ा सहित अन्य पूर्व उपाध्यक्ष लायंस क्लब सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसमें शपथ अधिकारी नरेन्द्र जैन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गर्वनर जबलपुर व यशवंत सिंह सेंगर जबलपुर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी और विशिष्ट अतिथि एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल व जोन चेयरमैन अमरदीप सिंह की उपस्थिति में दिलाई गई। इस मौके पर नए अध्यक्ष मनोनीत हुए डॉ. कौशलेन्द्र सिंह ने क्लब के विश्वास के अनुरूप अपने सहयोगियों व मीडिया के साथ बेहतर विकास कार्य किए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर लायंस क्लब द्वारा सामाजिक हितों के लिए बेहतर कार्य करने जैसे यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति के लिए जागरूकता लाने बीजू थामस एवं मीडिया से जुड़े अन्य प्रतिनिधियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब एडमिनिस्ट्रेटर चंद्रकांत पटेल और पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी खेडिय़ा द्वारा की गई वहीं नए सदस्यों के रूप में डॉ. आरपी सोनी, डॉ. जनक सारीवान, अनिल सिंह और माया सिंह को शपथ दिलाई गई।

# जमीनी हकीकत जानने का नहीं हुआ प्रयास, बैठक तक सीमित रही कार्यवाही

### जांच की खानापूर्ति कर रवाना हो गए एसईसीएल वेल्फेयर कमेटी के सदस्य

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/बदरा। एसईसीएल बिलासपुर वेल्फेयर कमेटी की टीम 26 जून की शाम एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के कोतमा कालरी गेस्ट हाउस में दो दिवसीय निरीक्षण के लिए पहुंची। वेल्फेयर कमेटी के सदस्यों को जहां 26 एवं 27 जून 2 दिन जमुना कोतमा क्षेत्र के समस्त कालोनियों की साफ सफाई, कालरी आवासों की स्थिति तथा कालरी मजदूर की अन्य समस्याओं का निरीक्षण करना था और जमीनी हकीकत की रिपोर्ट एसईसीएल बिलासपुर के वरिष्ठ अधिकारियों को सौपना है लेकिन यहां वेल्फेयर कमेटी की पहुंची टीम गेस्ट हाउस में खाना पीना करते हुए केवल बैठक आयोजित कर निरीक्षण की खानापूर्ति करते हुए लिफाफा और गिफ्ट लेकर रवाना होने की खबर सामने आई है।



### निरीक्षण के नाम पर की गई पिकनिक

जमुना कोतमा क्षेत्र की कॉलोनीयों का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंची एसईसीएल बिलासपुर वेल्फेयर कमेटी के सदस्यों ने निरीक्षण के नाम पर कोतमा कालरी गेस्ट हाउस में पिकनिक और पार्टी मनाने तक ही सीमित रहा। बताया जाता है कमेटी के लोगों ने 26 जून की रात्रि गेस्ट हाउस में भरपूर मस्ती की और 27 जून को सुबह 10 बजे एक बैठक कर पूरे निरीक्षण कार्यक्रम का खाना पूर्ति कर दी गई और बदहाल स्थिति में कालरी कामगारों और उनकी कॉलोनी को छोड़ गए।

### क्या है वेल्फेयर कमेटी

एसईसीएल कंपनी में वेल्फेयर कमेटी का गठन इसलिए किया गया है की समय-समय पर यह कमेटी कोयला खदानों में कार्य करने वाले मजदूरों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में जाकर देखें और सुने तथा उनकी जमीनी हकीकत और रिपोर्ट कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जाए जिससे समस्याओं का समाधान किया जा सके और जहां पर कमियां हैं उन्हें ठीक किया जा सके। इस कमेटी में सभी श्रम संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहते हैं इसके अलावा एसईसीएल कंपनी के अधिकारी भी इस कमेटी में शामिल रहते हैं जिनकी निगरानी में कालरी कामगारों के कॉलोनी और उनके रहन-सहन तथा अन्य समस्याओं का वार्षिक निरीक्षण और प्रतिवेदन देना होता है लेकिन यहां पहुंची कमेटी ने सभी के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

# यातायात विभाग के सहयोग से शिव मारुति युवा संगठन ने 70 मवेशियों को पहनाया रेडियम रिफ्लेक्टर



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रात्रि के समय मवेशियों की स्पष्ट दृश्यता बनाए रखने के लिए गले में पहनाए गए रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट,वर्षा ऋतु में जमीन नमी युक्त हो जाने के कारण अक्सर मवेशी रोड पर आकर बैठते हैं। रात्रि के समय अंधेरा होने से मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन टकराने से उनके दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना रहती है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा निर्देशित किया गया है ,कि अनूपपुर जिले में सड़क दुर्घटना में मवेशियों की मृत्यु ना हो इसलिए उन्हें सड़क से हटाया जाए तथा रात्रि के समय मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई दें इसके लिए रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट बांधे जाएं, जिसके परिपालन में यातायात प्रभारी ज्योति दुबे द्वारा शिव मारुति युवा संगठन के सदस्यों के सहयोग से अभियान चलाकर अनूपपुर शहर की सड़कों पर बैठे लगभग 70 मवेशियों को रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाए।

# नवनिर्मित कन्हैया गौशाला को बना दिया गया पशु कारागृह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

ग्राम पंचायत हर्री में नवनिर्मित कन्हैया गौशाला अभी तक संचालित नहीं हो सका है सरपंच से जानकारी प्राप्त करने पर सरपंच पति ने बताया कि ग्राम पंचायत गौशाला संचालक के लिए पूर्व में प्रभारी मंत्री एवं उपसंचालक पशु पालन विभाग अनूपपुर को पत्र लिखा गया था, लेकिन अभी तक यह गौशाला संचालित नहीं हो सका है। गौशाला संचालन के लिए स्व सहायता समूह से पशु विभाग द्वारा अनुबंध भी किया गया है किन्तु आज तक स्थिति ज्यों की त्यों है। गौशाला की निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि गौशाला में आनाधिकृत रूप से 8- 10 मवेशी बंद है जिनके खाने पीने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है इस विषय पर सरपंच पति दिनकर खैरवार ने बताया कि उपसंचालक चौधरी के मार्गदर्शन में और ग्राम पंचायत हर्री के उपसरपंच माधव राठौर की सहमति से इस नवनिर्मित गौशाला को कांजी हाउस बना दिया गया है। पशुओं के खान पान के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जो पशु को छुड़वा कर ले जाते हैं उनके द्वारा दिए गए शुल्क से मवेशियों का भरन पोषण होता है। यहां पर सवाल यह है कि एक पशु पर प्रतिदिन लगभग 100 रुपए का खर्च आता है फिर केवल कुछ शुल्क से इन मूक जीव का भरन पोषण कैसे किया जा रहा है। सच्चाई यह है कि इस गौशाला को पशु कारागृह के रूप में तब्दील कर दिया गया है। जहां पशुओं के पीने के पानी नहीं है और न खाने की कोई व्यवस्था है, इन मूक जीव को भगवान भरोसे मरने के लिए छोड़ दिया गया है। एक ओर सरकार जहां गौ संवर्धन एवं संरक्षण के लिए करोड़ों का बजट पास करती है वहीं दूसरी ओर प्रशासन सरकार के मनसा के विरुद्ध कार्य करने से नही हिचकिचाती है और एक गौशाला को कारागृह के रूप में तब्दील कर देती है। वास्तव में प्रदेश भर में गौ शालाओं स्थिति अत्यंत दयनीय है प्रशासन स्वीकृत राशि का क्या करती है किसी खबर नहीं है।



# महापौर ने कर्बला शरीफ एवं दिलावर चौक का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर में 7 जुलाई तक चलने वाले मुस्लिम समुदाय के मोहर्रम पर्व एवं आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में नगर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें मदन मोहन चौबे वार्ड एवं गाटर घाट स्थित कर्बला शरीफ सहित मिशन चौक दिलावर मैदान पहुंचकर लिया। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड एवं गाटर घाट स्थित कर्बला शरीफ का कमेटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में निरीक्षण कर एप्रोच रोड को दुरुस्त करने सहित मदन मोहन चौबे वार्ड की घाट की सीढ़ियों का सुधार करानें, दोनों स्थलों में कुंड की व्यवस्था कराने व अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्था को निर्धारित समय के पूर्व पूर्ण करानें के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहकर व्यवस्थाओं पर स्वयं निगरानी रखने, नगर निगम द्वारा कर्बला शरीफ एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

इसके पूर्व महापौर सूरी द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित कर्बला शरीफ में चादर पोशी कदम बोसी कर नगरवासियों के सुख समृद्धि सहित नगर विकास की कामना की गई। महापौर प्रीति सूरी ने कमेटी के सदस्यों के साथ मिशन चौक पहुंचकर दिलावर चौक मैदान सहित जुलूस मार्ग, अखाडा स्थल, ताजिया मार्ग, गोल जुलूस मार्ग का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैदान की साफ- सफाई सहित आसपास के अतिक्रमण हटानें, जुलूस मार्ग में झूल रहे विद्युत के तारों को व्यवस्थित करनें, पर्याप्त साफ-सफाई करवाने, मच्छरों पर नियंत्रण हेतु फॉगिंग मशीन से धुआं कराने, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, चूने की लाइनिंग प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था, एवं आवारा पशुओं को पकड़ने आदि कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

# 100 से अधिक अस्पतालों व अन्य संस्थानों के साथ संकल्प महाविद्यालय ने किया MOU पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

*शिक्षा को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे उद्योगों एवं चिकित्सा संस्थानों से जोड़ने की दिशा में संकल्प महाविद्यालय, अनूपपुर ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। महाविद्यालय ने 100 से अधिक प्रतिष्ठित अस्पतालों एवं औद्योगिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगार के लिए तैयार करना है। इस समझौते के माध्यम से मेडिकल एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, उपकरणों एवं वास्तविक रोगी-सेवा का अनुभव प्राप्त होगा। वहीं अन्य तकनीकी, वाणिज्यिक और औद्योगिक पाठ्यक्रमों के छात्र इंडस्ट्रीज में इंटर्नशिप व प्रशिक्षण लेकर वास्तविक कार्य-परिस्थितियों से परिचित हो सकेंगे। संकल्प महाविद्यालय का यह प्रयास शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने का कार्य करेगा। इससे छात्रों का न केवल व्यावहारिक ज्ञान बढ़ेगा, बल्कि वे नौकरी हेतु अधिक उपयुक्त और सक्षम बनेंगे। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को टीम वर्क, पेशेवर व्यवहार और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशलों का विकास करने का भी अवसर मिलेगा। महाविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और कौशल भी अत्यंत आवश्यक हैं। यह MOU विद्यार्थियों को सीखते हुए काम करने का मंच प्रदान करता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और उन्हें रोजगार की तलाश में भटकना न पड़े।*